**Mayor's Office of Immigrant Affairs**

# यात्रा के लिए सुझाव: एयरपोर्ट्स पर ICE

## यदि ज़रूरत हो तो एक सुरक्षा योजना बनाएं

यदि आपका कोई इमिग्रेशन केस चल रहा है, तो यात्रा करने या एयरपोर्ट जाने से पहले किसी इमिग्रेशन अटॉर्नी से बात करने पर विचार करें।

किसी वकील, दोस्त, परिवार के सदस्य या किसी अन्य इमरजेंसी संपर्क व्यक्ति का फ़ोन नंबर अपने पास रखें। फ़ोन नम्बर को याद रखने की कोशिश करें या अपने साथ रखें।

किसी भरोसेमंद दोस्त, परिवार के सदस्य या इमरजेंसी संपर्क व्यक्ति के साथ अपनी लोकेशन शेयर करें।

किसी भरोसेमंद दोस्त, परिवार के सदस्य या इमरजेंसी संपर्क व्यक्ति के साथ फ़्लाइट की जानकारी शेयर करें।

## माता-पिता पर विशेष ध्यान

परिवार किसी भरोसेमंद वयस्क को, नियुक्ति या संरक्षण के माध्यम से, अपने बच्चों की देखभाल की ज़िम्मेदारी सौंपने पर विचार कर सकते हैं। हम पुरज़ोर तरीके से सलाह देते हैं कि इन कदमों को उठाने से पहले, यह समझने के लिए किसी अटॉर्नी से सलाह ज़रूर लें कि आपके परिवार के लिए क्या सही है।

अधिक जानकारी के लिए, QR कोड स्कैन करके या इस वेबसाइट पर जाकर इमिग्रेंट माता-पिता और देखभाल कर्ताओं के लिए संसाधन नामक हमारा फ्लायर देखें:
**www.nyc.gov/knowyourrights**

अपनी स्थिति से संबंधित विशेष मार्गदर्शन के लिए, कृपया इस बारे में जानकारी के लिए शहर की ओर से वित्तीय सहायता प्राप्त, मुफ़्त और मेयर का इमिग्रेंट मामलों का कार्यालय (Mayor's Office of Immigrant Affairs, MOIA) की सुरक्षित इमिग्रेशन लीगल सपोर्ट हॉटलाइन पर कॉल करें कि इमिग्रेशन से जुड़ी कानूनी मदद कैसे और कहाँ मिलेगी। आय से जुड़ी कुछ शर्तों को पूरा करने वाले न्यूयॉर्क सिटी के निवासियों के लिए मुफ़्त कानूनी सहायता उपलब्ध है।

# 800-354-0365

NYC Mayor's Office of Immigrant Affairs

# यात्रा के लिए सुझाव: एयरपोर्ट्स पर ICE

*Hindi* | हिन्दी • मार्च *2026*

**23 मार्च, 2026 से, होमलैंड सुरक्षा विभाग (Department of Homeland Security, DHS) के आंशिक सरकारी शटडाउन के बीच सुरक्षा कार्यों में सहायता करने के लिए 14 अमेरिकी एयरपोर्ट्स पर इमिग्रेशन और कस्टम एन्फोर्समेंट (Immigration and Customs Enforcement, ICE) एजेंट्स को तैनात किया जाएगा।**

## एयरपोर्ट पर क्या उम्मीद की जानी चाहिए?

ICE को देश भर के 14 एयरपोर्ट्स पर तैनात किया गया है, जिनमें LaGuardia, JFK और Newark शामिल हैं।

एयरपोर्ट पर सुरक्षा जाँच की लंबी कतारों के लिए तैयार रहें। जल्दी पहुँचें ताकि आप अपनी फ़्लाइट के लिए समय पर स्क्रीनिंग पूरी कर सकें।

## ज़रूरी दस्तावेज़ों की भौतिक प्रतियाँ साथ लाएं

स्थिति का वैध प्रमाण, जैसे कि एक वैध वीज़ा, ग्रीन कार्ड, वर्क परमिट, या किसी भी लंबित आवेदन के लिए रसीद नोटिस।

यदि आपका केस बंद कर दिया गया था, तो आपराधिक न्यायालय के आदेशों की संबंधित प्रमाणित प्रतियाँ। इस बारे में किसी इमिग्रेशन अटॉर्नी से सलाह लें कि आपकी विशिष्ट स्थिति के लिए कौन-से दस्तावेज़ प्रासंगिक हैं।

आपका टिकट या बोर्डिंग पास।

**यह जानकारी केवल सामान्य शैक्षिक उद्देश्यों के लिए है और यह कानूनी सलाह नहीं है। यदि आपको या आपके किसी परिचित को आपकी इमिग्रेशन स्थिति को लेकर कोई चिंता है और आप यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, तो हम आपको पुरज़ोर तरीके से सलाह देते हैं कि अपनी यात्रा से पहले आप किसी इमिग्रेशन अटॉर्नी से बात करें।**